# विदेश में रोड-शो कर निवेशकों को आकर्षित करेगी सरकार

राब्यू, जागरण • लखनऊ: कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इंवेस्ट यूपी कार्यालय में शनिवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और विदेश से निवेश आकर्षित करने के लिए होने वाले रोड-शो की तैयारियों समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विदेश में होने वाले रोड-शो में लक्षित निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विशेष रणनीतिक प्रयास किए जाएं। ईज आफ डूइंग बिजनेस को गति देने के लिए लाए जाने वाले 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक' पर भी चर्चा की।

दीपक कुमार ने प्रमुख निवेश परियोजनाओं की प्रगति और आगामी ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने

**कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा**

उद्योग संगठनों के साथ सक्रिय संवाद बनाए रखने और राज्य की नीतियों व प्रोत्साहन योजनाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। इंवेस्ट यूपी को नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकें करने, अनुमोदन प्रक्रियाओं को बाधारहित व सरल बनाने के साथ 34 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इंवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि रोड-शो की योजना दूतावासों और उद्योग संगठनों के सहयोग से बनाई जा रही है। हाई-लेवल एंपावर्ड कमेटी के माध्यम से हर महीने औसतन 10 लेटर आफ कंफर्ट जारी किए जा रहे हैं।